## न्यूज डायरी



### हमारे मिसाइल से नहीं गिरा यूक्रेन का विमानः ईरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। ईरान के नागरिक उड्डयन प्रमुख अली आबेदजाहेद ने शुक्रवार को कहा कि वह पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि इस सप्ताह तेहरान के बाहर दुर्घटनाग्रस्त हुआ यूक्रेन का विमान मिसाइल की चपेट में नहीं आया था। आबेदजाहेद ने संवाददाताओं से कहा, श्एक बात तो तय है कि यह विमान मिसाइल से नहीं गिरा है। नागरिक उड्डयन प्रमुख का बयान ऐसे समय में आया है जब ब्रिटेन और कनाडा का कहना है कि खुफिया सूचनाएं बताती हैं कि यूक्रेन का विमान ईरान की मिसाइल से गिरा है। नागरिक उड्डयन प्रमुख ने कहा,श्ब्लैक बॉक्स की सूचनाएं...बयान देने के मकसद से उड्डयन संगठन के लिए अहम होती हैं। उन्होंने कहा कि उनकी जांच की जा रही है। आबेदजाहेद ने ईरान के ऊपर लग रहे आरोपों को खारिज करते हुए कहा, श्डेटा की पूरी जांच हुए बगैर किसी प्रकार की टिप्पणी...विशेषज्ञ की राय नहीं है।

### हेरात में अमेरिकी हमले में तालिबान से अलग हुआ कमांडर मारा गयाः अधिकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में अमेरिकी सेना के हवाई हमले में तालिबान से अलग हुए गुट के कमांडर समेत कई अन्य लड़ाके मारे गए हैं। अफगान और सैन्य सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हेरात के प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता जैलानी फरहाद ने कहा कि कमांडर मुल्ला नांग्यालय ईरान से लगने वाली सीमा के निकट शिंदाद जिले में मारा गया। नांग्यालय 2013 में तालिबान के संस्थापक मुल्ला उमर की मौत के बाद मुख्य शाखा से अलग होकर कमांडर मुल्ला रसूल के नेतृत्व वाले एक छोटे धड़े में शामिल हो गया था। यह धड़ा मुख्य तालिबान से अलग हो गया था। प्रांतीय पुलिस के एक वरिष्ठ सूत्र ने कहा कि यह हवाई हमला एक अमेरिकी ड्रोन द्वारा अंजाम दिया गया। अफगानिस्तान में अमेरिकी फौज के एक प्रवक्ता ने इस बात की पुष्टि की है कि उन्होंने "अफगान बलों के समर्थन में एक रक्षात्मक हवाई हमला" किया है।

### ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में आग से जंगली जानवरों के विलुप्त होने का खतरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ग्लेनमोर पार्क। ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी भीषण आग से जंगली जानवरों के विलुप्त होने का खतरा मंडराने लगा है। इस आग में अब तक एक अरब से अधिक जानवरों के मारे जाने का अनुमान है। दक्षिण–पूर्वी ऑस्ट्रेलिया के अधिकांश हिस्से में फैली आग के चलते जंगल में कई तरह के मर्मस्पर्शी दृश्य नजर आ रहे हैं। इसी तरह के एक दृष्य में स्वयंसेवी साराह प्राइस को कंगारू का एक बच्चा चारों ओर लगी आग के बीच अंतिम सांस गिन रही अपनी मां की झोली में छिपा हुआ मिला। यह बच्चा बेहद डरा हुआ था। कुछ देर बाद उसकी मां की मौत हो गई। प्राइस को लगा कि कंगारू के जीवित बचे बच्चे का कोई नाम रखा जाना चाहिए। उन्होंने इसका नाम 'चांस' रख दिया जो अब धीरे–धीरे स्वस्थ हो रहा है। उसे नियमित भोजन–पानी दिया जा रहा है और उसे एक अंधेरे कमरे में एक झोली में रखा जा रहा है।

### नाइजर में सैन्य शिविर पर हमले में 63 आतंकवादी और 25 अन्य की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नियामे। अफ्रीकी देश नाइजर में एक सैन्य शिविर पर गुरुवार को हथियारों से लैस हमलावरों ने हमला किया। इस हमले में 25 लोगों की मौत हो गई और 63 आतंकवादी मारे गए। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल सुलेमानी गाजोबी ने टेलीविजन पर कहा कि यह हमला माली की सीमा से लगे काफी संवेदनशील क्षेत्र में हुआ। हमलावर वाहनों और मोटरसाइकिलों पर आए थे। यह हमला पश्चिमी तिलाबेरी के चिनेगोदार क्षेत्र में हुआ जो बुर्किना फासो की सीमा से भी लगा है। प्रवक्ता ने बताया कि नाइजर वायु सेना और सहयोगियों की मदद से जवाबी कार्रवाई की गई और हमलावरों को हमारी सीमा से बाहर निकालने में सफलता हासिल हुई। सहयोगी का मतलब अक्सर अमेरिकी ड्रोन या फिर फ्रांस के विमान या ड्रोन होते हैं। वहीं दुश्मन पक्ष से 63 आतंकवादी मारे गए।

# विमान हादसे की जांच के लिए ईरान ने बोइंग और दूसरे देशों को दिया न्योता

## अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन कह रहे हैं कि विमान ईरानी मिसाइल अटैक के कारण गिरा

**विमान हादसा**

- ट्रूडो और बोरिस जॉनसन ने कहा कि शायद गलती से ईरानी बलों ने यह अटैक कर दिया हो
- हम जांच के लिए बोइंग के साथ अन्य देशों को आमंत्रित करते हैं: ईरान के विदेश मंत्रालय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तेहरान। तेहरान में हुए यूक्रेन के फ्लाइट हादसे की जांच के लिए ईरान के रुख में अब पहले से नर्मी आई है। ईरान की सरकारी मीडिया के अनुसार, विमान हादसे की जांच के लिए बोइंग को बुलाया गया है। यूक्रेनियन जेटलाइनर क्रैश में कुल 176 लोगों क मौत हुई थी। शुरुआत में ईरान ने इस हादसे का कारण तकनीकी खराबी को बताया था।

**पश्चिमी देशों का दावा, ईरानी मिसाइल से ही हुआ हमला**

ईरान ने बोइंग को जांच के लिए आमंत्रित ऐसे वक्त में किया है जब पश्चिमी देशों से दबाव काफी बढ़ रहा है। वॉशिंगटन और ईरान के बीच जारी तनाव के दौरान कनाडा और ब्रिटेन जैसे देशों का कहना है कि गलती से ईरानी बलों ने विमान को मिसाइल हमले का निशाना बना दिया। अमेरिका के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन ने बयान जारी कर कहा है कि ऐसा लगता है विमान ईरानी मिसाइल हमले के कारण क्रैश हुआ।



मृतकों के लिए कई देशों में प्रार्थना सभा आयोजित।

**ईरान ने दूसरे देशों को भी दिया जांच के लिए आमंत्रण**

ईरान की सरकारी मीडिया इरना न्यूज एजेंसी ने विदेश मंत्री के हवाले से कहा है कि यूक्रेन के साथ हमने बोइंग कंपनी को भी विमान हादसे की जांच के लिए बुलाया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता अब्बास मौसवी ने कहा, श्हम दूसरे देशों की जांच टीम को भी जांच के लिए आमंत्रित करते हैं। जिन देशों के नागरिकों की मौत इस दुखद हादसे में हुई है, हम उन्हें जांच के लिए आमंत्रित करते हैं।

**पहले विमान कंपनी को मलबा देने से ईरान ने किया था इनकार**

ईरानी उड्डयन विभाग ने इससे पहले कहा था कि वह प्लेन के ब्लैक बॉक्स को किसी अमेरिकी के हवाले नहीं करेगा। किसी भी विमान दुर्घटना की जांच के लिए ब्लैक बॉक्स काफी अहम रहता है।

ऐसे में ईरान की ओर से ब्लैक बॉक्स न सौंपने की बात कहने से दुर्घटना को लेकर सस्पेंस और बढ़ गया है। हालांकि, अब ईरान ने अपने ही रुख में बदलाव के संकेत दिए और जांच के लिए राजी हो गया।

## पाकिस्तान में सिख युवक की हत्या की गुत्थी सुलझी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेशावर। पाकिस्तान पुलिस ने 25 वर्षीय सिख युवक की हत्या के मामले का पर्दाफाश करने का दावा करते हुए कहा है कि घटना को मृतक की मंगेतर ने भाड़े के हत्यारों के जरिए अंजाम दिलाया क्योंकि वह उससे शादी नहीं करना चाहती थी। देश के उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में बीती 4 जनवरी को अज्ञात बंदूकधारियों ने परविंदर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

भारत ने इस घटना की कड़ी निन्दा की थी और दोषियों को कठोर सजा देने की मांग की थी। पुलिस ने कहा कि सिंह की हत्या के मामले का पर्दाफाश कर दिया गया है और घटना की साजिश में शामिल 18 साल की मंगेतर प्रेम कुमारी को गिरफ्तार किया गया है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून को एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि कुमारी ने भाड़े के हत्यारों से सिंह की हत्या कराई क्योंकि वह उससे शादी नहीं करना चाहती थी।

**मंगेतर ने दी थी सात लाख की सुपारीः** सिंह खैबर पख्तूनख्वा के शांगला जिले का निवासी था। अधिकारी ने कहा कि कुमारी ने हत्यारों को सात लाख रुपये देने का वायदा किया था। उन्होंने कहा कि धन का एक हिस्सा अग्रिम भुगतान के रूप में दिया गया था, जबकि शेष राशि बाद में दी जानी थी।



### रॉयल फैमिली मेंबर्स से बातचीत करेंगे प्रिंस हैरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन के शाही घराने में इन दिनों सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल शाही पदों से हटने का ऐलान कर पूरे देश को चौंका दिया है। डेली मेल में प्रकाशित खबर के अनुसार, डचेज ऑफ ससेक्स गुरुवार को ही कनाडा से लौट आए हैं। प्रिंस हैरी अब शाही घराने से बातचीत करेंगे और मौजूदा संकट का हल ढूंढेंगे। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार प्रिंस हैरी के साथ मेगन ब्रिटेन नहीं लौटी हैं और वह नॉर्थ अमेरिका रवाना हो गई हैं। डेली मेल में प्रकाशित खबर के अनुसार मेगन कनाडा में छुट्टियां मनाकर नॉर्थ अमेरिका लौट गई हैं।

# ट्विटर फॉलोअर्स को क्यों दे रहा यह उद्योगपति दान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तोक्यो। दुनियाभर में दौलतमंद लोग इन दिनों बड़ी मात्रा में अपनी संपत्ति जरूरतमंद के बीच दान कर रहे हैं। इस लिस्ट में नया नाम जापान के मशहूर उद्योगपति यूसाकु मीजावा ने अपनी बेहिसाब दौलत में से एक हिस्सा ट्विटर पर उन्हें फॉलो करनेवालों के बीच 9 हजार डॉलर (6,40,377) दान करने का ऐलान किया है।

जापानी उद्योगपति अपने फॉलोअर्स के बीच 90 लाख डॉलर (करीबन 64 करोड़ रुपये) की रकम बांटने जा रहे हैं। इस दान के जरिए वह अपने फॉलोअर्स की खुशी कितनी बढ़ी, यह जानना चाहते हैं।

ट्वटिर फॉलोअर्स के बीच खुशी मापने के लिए बांटेंगे 9000 डॉलर

**पैसा देकर जानेंगे फॉलोअर्स की खुशीः** मीजावा ने कहा कि ट्विटर पर अपने 64 लाख फालोअर्स में करीब 1000 लोगों का चुनाव करेंगे और उनमें से हरेक को 10 लाख येन यानी करीबन 9000 डॉलर की राशि दान में देंगे। एक जनवरी को उन्होंने ट्वीट किया और 2019 में उनके फॉलोअर्स रहे लोगों में से ही कुछ को यह रकम मिलेगी। मीजावा ने कहा कि उनकी यह जानने में दिलचस्प रहेगी कि इस पैसे से उन्हें कितनी खुशी मिली। दुनिया के दौलतमंद लोगों की लिस्ट में शुमार उद्योगपति ने कहा कि वह सर्वेक्षण कराएंगे और यह जानेंगे कि पैसे से उनके जीवन पर कैसा असर पड़ा।

**गंभीर सामाजिक प्रयोग बताया इस मुहिम कोः** जापानी उद्योगपति ने कहा कि उनका यह प्रयोग गंभीर सामाजिक प्रयोग है। उन्होंने कहा कि मेरी दिलचस्पी यह जानने में है कि पैसे से लोगों के सामाजिक–मानसिक अवस्था में क्या बदलाव आता है। जापानी उद्योगपति तब भी चर्चा में आए थे जब उन्होंने घोषणा की थी कि एलन मस्क के साथ वह भी चांद का चक्कर लगानेवालों में हैं। मीजावा ने 2 महीने पहले अपना ऑनलाइन फैशन बिजनस जोजो इन्क बेचा है।

### भारत ने अरब सागर में आईएनएस विक्रमादित्य तैनात किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत ने अपना विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य अरब सागर में तैनात किया है। भारत ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब चीन और पाकिस्तान उस क्षेत्र में नौ दिवसीय नौसैनिक अभ्यास कर रहे हैं। माना जा रहा है कि इस कदम के जरिए भारत ने अपने दोनों पड़ोसियों को संकेत दिया है। सैन्य सूत्रों ने पीटीआई भाषा को बताया कि जब पोत को सामरिक मिशन पर तैनात किया गया, नौसेना मुख्यालय के शीर्ष अधिकारी पोत पर सवार थे। पाकिस्तान और चीन का नौसेना अभ्यास सोमवार को उत्तरी अरब सागर में शुरू हुआ था। इसका मकसद दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाना है। कश्मीर मुद्दे को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच सी गार्जियन अभ्यास हो रहा है। सूत्रों ने बताया कि विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य को सामरिक उद्देश्य के साथ भेजा गया है और उस पर मिग 29के युद्धक विमान तैनात हैं। चीन पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह को विकसित कर रहा है और इस क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है जिससे भारत में चिंता बढ़ रही है।